आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 25.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मानसखण्ड एक्सप्रेस रेलगाड़ी से कुमांऊ मण्डल पहुंचे पर्यटकों को आज चम्पावत के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया।
- भगवान बदरीविशाल के अभिषेक के लिए टिहरी जिले के नरेन्द्र नगर में सुहागिन महिलाओं के तिलों का तेल पिरोने की रस्म विधि विधान से संपन्न।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में गढ़वाल मण्डल विकास निगम के अतिथि गृहों की बुकिंग कर रहे हैं।
- प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र भट्ट ने आज नई दिल्ली में राज्य सभा की सदस्यता की शपथ ली।

मानसखण्ड मन्दिरमाला

मानसखण्ड एक्सप्रेस रेलगाड़ी के तहत पुणे से चम्पावत जिले के टनकपुर पहुंचे 280 पर्यटकों का पारम्परिक तरीके के साथ स्वागत किया गया। ये पर्यटक कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगे। प्रदेश के कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, आई.आर.सी.टी.सी के सहयोग से पहली बार मानसखण्ड एक्सप्रेस रेल सेवा संचालित कर रहा है। चम्पावत पहुंचे पर्यटकों को आज पूर्णागिरि मन्दिर, चाय बागान, बालेश्वर मन्दिर व मायावती आश्रम के दर्शन कराए गए। पर्यटक रुचि भट्टाचार्य ने मानसखण्ड एक्सप्रेस से यात्रा के अनुभव को आकाशवाणी के साथ साझा किया।

तिलों का तेल

भगवान बदरीविशाल के अभिषेक के लिए टिहरी जिले के राजमहल नरेन्द्र नगर में सुहागिन महिलाओं के तिलों का तेल पिरोने की रस्म विधि विधान से संपन्न हो गयी। ऊखल में महिलाओं ने तिलों को कूटा और फिर हाथों से तिलों का तेल पिरोकर तेल को चांदी के कलश– गाडू घड़ा में रखा। इससे पहले, राजपुरोहित कृष्ण प्रसाद उनियाल ने पौराणिक परंपरानुसार महारानी मालाराज्य लक्ष्मी शाह के हाथों विधि–विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर तिलों का तेल पिरोने की शुरुआत की। इस अवसर पर डिम्मर समुदाय के ब्राह्मणों द्वारा तैयार किया गया भोग तेल कलश को चढ़ाया गया। गाडू घड़ा आज शाम करीब छह बजे ऋषिकेश के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि भगवान बदरीनाथ के अभिषेक के उपयोग में लाया जाने वाला तिल का तेल नरेंद्रनगर राजदरबार में पिरोया जाता और यह तेल गाडू घड़ा में डाला जाता है। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जांएगे।

वनाग्नि

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इन दिनों वनाग्नि की घटनांए सामने आ रही हैं। जंगलों में लगी आग का मुख्य कारण गर्मी में बढ़ोतरी बताया जा रहा है। हालांकि, कुछ स्थानों पर मानव द्वारा लगाई गई आग की घटनाओं की पुष्टि भी हुई है। अल्मोड़ा जिले में अब तक वनाग्नि की 71 घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें से 33 मामले अप्रैल महीने में सामने आए हैं। इसके चलते वन संपदा को भी नुकसान पहुंचा है। अग्निशमन इकाईयां द्वारा तत्परता दिखाकर आग को बुझाया भी जा रहा है। ज़िला अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि उत्तराखंड में पहली बार महिला फायर यूनिट का भी गठन हुआ है और इसके तहत अल्मोड़ा

फायर स्टेशन में पहली बार 19 महिला फायर फाइटर नियुक्त किए गए हैं, जो तत्परता से वनाग्नि को नियंत्रण करने की कार्यवाही कर रही हैं।

हेमवती नंदन बहुगुणा

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा के 105 वें जन्मदिवस पर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के परिसर पौड़ी में विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हेमवती नंदन बहुगुणा पर दूरदर्शन द्वारा बनायी गई फिल्म प्रदर्शित की गई।

शपथ

राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित भाजपा के वरिष्ठ नेता और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने आज नई दिल्ली में राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने उन्हें सदस्यता दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद महेंद्र भट्ट ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा में काम करने का मौका दिया है। राज्यसभा सदस्य के रूप में वे उत्तराखंड के विकास के लिए काम करते रहेंगे। गौरतलब है कि महेंद्र भट्ट चमोली जिले के निवासी है। वह बद्रीनाथ विधानसभा से विधायक भी रह चुके है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बद्रीनाथ विधानसभा से हार का सामना करना पड़ा था। वह वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे है।

चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा के लिए इस साल अभी से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण कराना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने में अभी करीब पन्द्रह दिन का समय बाकी है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यात्रा मार्ग पर गढ़वाल मण्डल विकास निगम के गेस्ट हॉउस की बुकिंग में लगातार इज़ाफा हो रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो पूरे यात्राकाल के दौरान संचालित रहेगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए भीड़ में ज्यादा समय तक खड़ा न रहना पड़े, इसके लिए भी टोकन स्लॉट की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा काल में उपनल और पी०आर०डी के 115 जवानों के जरिए पर्यटकों के लिए सुरक्षा और सहायता मित्रों की तैनाती की जा रही है। पर्यटन मंत्री ने आशा जताई कि इस साल चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा।

यात्रा तैयारियां अंतिम रूप

उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम तथा यात्रा पड़ावों पर समुचित व्यवस्थाओं को इन दिनों अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यात्रा की तैयारियों को लेकर यमुनोत्री और गंगोत्री क्षेत्र में तैनात अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने यात्रा से संबंधित कार्यों की प्रगति का मौके से ही लाईव प्रस्तुतिकरण दिया। जिलाधिकारी ने यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के डामटा और अन्य स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण सहित अन्य स्वीकृत कार्यों को बिना किसी देरी के शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए चुनाव के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता से छूट दिए जाने का प्रस्ताव तुरंत उपलब्ध कराने को भी कहा। जिलाधिकारी ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क खोलने के लिए पर्याप्त मात्रा में मशीनों और कार्मिकों की निरंतर तैनाती सुनिश्चित रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से किसी भी स्तर पर कोई समझौता नही किया जाएगा।

सहयोग

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार–एनएसए अजीत डोभाल ने जोर देकर कहा है कि भारत आतंकी फंडिंग का विरोध करने के लिए आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने में सहयोग करना जारी रखेगा। श्री डोभाल ने रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च स्तर के अधिकारियों की बारहवीं अंतर्राष्ट्रीय बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही।

नशा तस्कर गिरफ्तार

ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत चम्पावत जिले के टनकपुर में पुलिस व स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप ने नशीले पदार्थ व एक मोटर साइकिल सहित दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना टनकपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।